जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

प्रेषक :डॉ. बी.एस. द्विवेदी
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

क्रमांक– 95
दिनांक–07.10.2026

जनेकृविवि के 63वें स्थापना दिवस पर आयोजित विभिन्न गतिविधियों का हुआ भव्य समापन

प्रतिभावन विद्यार्थियों को पुरूस्कार वितरित कर किया गया सम्मानित

जबलपुर 07 अक्टूबर, 2026। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के 63वें स्थापना दिवस को सेवा संकल्प अभियान के तहत मनाया गया। इस दौरान जनेकृविवि की समस्त इकाईयों में आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम के समापन अवसर पर कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्यआतिथ्य में एवं अधिष्ठता कृषि महाविद्यालय डॉ. अल्पना सिंह की अध्यक्षता में अंतर महाविद्यालयीन भाषण एवं पोषण प्रतियोगिता और पुरूस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. स्वाती बारचे, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. एस.के. प्यासी, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. ए.के. जैन, संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. टी.आर.शर्मा, डीन डॉ. अल्पना सिंह, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. विजय यादव, उपलेखा नियंत्रक डॉ. अजय खरे, प्रभारी संचालक शिक्षण डॉ. संजीव गर्ग, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा मंचासीन रहे। मुख्यअतिथि की आंसदी से कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर आयोजित विविध गतिविधियों में शामिल होने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि जनेकृविवि में ऐसे कार्यक्रमों के माध्यमों से, प्रतिभाओं को विविध कार्यक्रमों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा को निखारने का एक मंच मिलता है, जिससे भविष्य में प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय को गौरांवित करेंगे। गौरतलब है कि जनेकृविवि के 63वें स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर, नशा मुक्ति रैली, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर एवं पोस्टर और भाषण प्रतियोगिताएं सहित विविध कार्यक्रम आयोजित हुए हैं।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई विविधि पोस्टर प्रदर्शनी का कुलपति डॉ. मिश्रा एवं अन्य अतिथियों द्वारा अवलोकन कर उनकी प्रशंसा की गई।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतिभावन छात्र–छात्राओं को प्रमाण–पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

पोस्टर मेंकिंग में प्रथम स्थान–सुधा नागरे–कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय,जबलपुर
द्वितीय स्थान– ओजस्वी केवट–कृषि महाविद्यालय,रीवा
तृतीय स्थान– कु.मायूरी–कृषि महाविद्यालय,बालाघाट

स्पीच– प्रथम स्थान – प्रतिभा राठौर –कृषि महाविद्यालय,जबलपुर
द्वितीय स्थान– अक्षय खरे– कृषि महाविद्यालय,टीकमगढ़
तृतीय स्थाान –सूर्यांश मिश्रा– कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय,जबलपुर

कार्यक्रम में ऐसे अन्य उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरूस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमित झा एवं आभार प्रदर्शन अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. अल्पना सिंह द्वारा किया गया।

इस अवसर पर डॉ. ब्रजेश दीक्षित, डॉ. ज्ञानेन्द्र तिवारी, डॉ. अनुभा उपाध्याय, डॉ. दीपक राठी, डॉ. विनोद कुमार गर्ग, डॉ. कीति ततुवाय, डॉ. एच.के. राय, डॉ. डी.के. सिंह सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक, वैज्ञानिक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी छात्रावास वार्डन, एससीसी और एनएसएस के विद्यार्थियों को विशेष सहयोग रहा।